उनका ही करने लगा, अहम आज उपहास"

ISSN: 2583-8849
साहित्य रत्न ई-पत्रिका अगस्त2023 वर्ष1 अंक4

जिसके शुभ आशीष से, सबकुछ हो अनुकूल।
मस्तक पर धारण करें, जननी की पगधूल।।-1

गिरता आँसू आँख से, नजरों से इंसान।
कभी नहीं वो उठ सके, रहे सदा यह ज्ञान।।-2

नीम,करेला ही भले, कड़वे जिनके स्वाद।
जो अति मीठे खाँड़- से, देते हैं अवसाद।।-3

बड़े-बड़े चित हो गए, जिनको था अभिमान।
विनयी विजयी हो गया, सच में बना महान।।-4

आगे बढ़ती बेटियाँ, स्वयं रूढ़ियाँ तोड़।
अब्बल हैं हर क्षेत्र में, दिया सभी को छोड़ ।।-5

बूढ़ा बरगद गाँव के, देख रहा हालात ।
जिसने झेले अनगिनत, शीत, ग्रीष्म, बरसात ।।-6

कल तक जो लेते रहे, बड़े अदब से नाम ।
थोड़े आगे क्या बढ़े, भूले दुआ-सलाम ।।-7

जीवन के अनुभव सभी, साथ लिए अनमोल ।
वृद्धावस्था को कभी, कौन सकेगा तोल ।।-8

शब्द कोश में ज्यों पढ़ा, बच्चे ने चौपाल ।
यह क्या होता? पूछता, मुश्किल बना सवाल ।।-9

जिनके कारण सफलता, आई चलकर पास ।
उनका ही करने लगा, अहम आज उपहास ।।-10

सबकी अपनी भूमिका, सबकी अलग नजीर ।
दृढ़ता से सच कह सके, उसका नाम कबीर ।।-11

जब निर्णय होने लगें, जाति-धर्म दल देख ।
तब मिटना सम्भव यहां, लोकतंत्र की रेख ।।-12

राम नरेश 'रमन'

* जन्मतिथि- 04 मार्च 1969
*जन्म स्थान-ग्राम नगला ताल , भरथना , इटावा (उ. प्र)
* शिक्षा - एम.ए. , बी. एड ।
* व्यवसाय - अध्यापन
* मौलिक कृतियाँ - बालगीत , सद्भाव , छंद चतुष्ठय ।
* साझा संग्रह - दो दर्जन से अधिक।
* दर्जनों पत्र/पत्रिकाओं में रचनाएं प्रकाशित।
* आकाशवाणी छतरपुर व झाँसी से प्रसारण।
* सम्पादन - काव्य -कुंज , विनय सरिता ।
* सम्मान -

1 - पं. घासीराम व्यास स्मृति न्यास (झाँसी) द्वारा व्यास सम्मान।
2- अखिल भारतीय नवोदित साहित्यकार परिषद (ललितपुर) द्वारा साहित्य श्री सम्मान।
3 - साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कादम्बिनी - तुलसीपुर (बलरामपुर) द्वारा काव्य रत्न सम्मान।
4- हिंदी साहित्य सभा आगरा द्वारा श्री प्रदीप भार्गव स्मृति सम्मान।
5- राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास (गाजियाबाद) द्वारा दुष्यंत कुमार स्मृति सम्मान।
6- हिंदी प्रेरणा संस्थान भरथना द्वारा लक्ष्मी निवास दीक्षित सम्मान ।
7 - निराला स्मृति संस्थान डलमऊ - रायबरेली) द्वारा चक्रवर्ती राजा डालदेव स्मृति सम्मान ।
8- चेतना काव्य मंच मोठ (झाँसी) द्वारा काव्य गौरव रत्न सम्मान

* संपर्क - एस . डी . एम . कॉलोनी के पीछे , बम्हरौली , मोठ , झाँसी - (उ. प्र.)-284303
* मोबाइल - 9956204331, 8299629945